उज्जीवन के निर्गम का प्राइस बैंड 207-210 रु.

उज्जीवन फाइनेंस कुल 35,816.1 लाख रु. तक के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और विक्रेता शेयरधारकों द्वारा 24,968,332 इक्विटी शेयरों के विक्रय प्रस्ताव के साथ 28 अप्रैल को पूंजी बाजार में प्रवेश कर रही है और निर्गम 2 मई को बंद होगा। 10 रु. के शेयर का प्राइस बैंड 207 से 210 रु. प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। न्यूनतम मूल्य अंकित मूल्य का 20.7 गुना और अधिकतम मूल्य अंकित मूल्य का 21 गुना है।

बोली 70 इक्विटी शेयरों की या उसके बाद 70 इक्विटी शेयरों के गुणक में लगायी जा सकती है। कंपनी ने 31 दिसंबर, 2015 तक 470 शाखाओं के नेटवर्क के माध्यम से 24 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में सेवाएं प्रदान की है। कंपनी ने नए निर्गम की शुद्ध प्राप्ति का उपयोग अपना पूंजी आधार बढ़ाने के लिए करने का प्रस्ताव किया है।